# कार्यालय–जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

## जिला न्यायालय परिसर, झिंझरी, कटनी म0प्र0

फोन.नं. 07622–228819, ई–मेल secdlsaktn@mp.gov.in

क्र. /57 /जिविसेप्रा/2026 कटनी, दिनांक 12.01.2026

**//सार्वजनिक सूचना//**

**<u>चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल/डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल/असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के पदों पर नवीन भर्ती प्रकिया निरस्त करने बावत्।</u>**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की संशोधित लीगल एड डिफेंस काउंसिल मॉडिफाईड स्कीम, 2022 एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के पत्र क्रमांक 2114 दिनांक 06.08.2025 द्वारा जारी एस.ओ.पी. के अनुपालन में जिला न्यायालय, कटनी में स्थापित लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्यालय हेतु संविदा आधार पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल हेतु 01 पद, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल हेतु 01 पद एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल हेतु 03 पद पर नियुक्ति किये जाने हेतु कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी द्वारा विज्ञप्ति क्रमांक 881 दिनांक 19.08.2025 जारी की गई थी। जिसके साक्षात्कार दिनांक 26.10.2025 एवं दिनांक 27.10.2025 को आयोजित किये गये थे।

उक्त भर्ती विज्ञप्ति मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल की भर्ती के संबंध में पत्र कमांक 2114 दिनांक 06.08.2025 द्वारा जारी नवीन एस.ओ. पी. के अनुपालन में जारी की गई थी। उक्त एस.ओ.पी. को माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा रिट पिटीशन कमांक 36687/2025 (रामकिशन सोनी एवं अन्य विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया) एवं अन्य याचिकाओं में दिनांक 18.12.2025 को आदेश पारित कर निरस्त कर दिया गया है। साथ ही म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के पत्र कमांक 3969 दिनांक 26.12.2025 द्वारा दिनांक 06.08.2025 को जारी एस.ओ.पी. को निरस्त कर दिया गया है। अतः उक्त आदेश के अनुपालन में लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना अंतर्गत संविदा आधार पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चयन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी द्वारा जारी विज्ञप्ति कमांक 881 दिनांक 19,08.2025 निरस्त की जाती है।

**(माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार)**

12/1/26

**(सुमित शर्मा)**
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
कटनी म0प्र0